वीयू–मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में मा. कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन एवम् निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष अनुरूप हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में हिंदी भाषा के महत्त्व एवम् उपयोगिता के लिए छात्रों में वैचारिक क्रांति का सृजन करना एवम् मातृ भाषा के प्रति संवेदना एवम् भाषा शैली को विकसित करना है, कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन जी की अध्यक्षता में तथा एन.एस.एस. इकाई प्रभारी डॉ. सोना दुबे जी के संयोजन में की गई, जिसके तहत् हिंदी भाषा में निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा हिंदी भाषा के महत्त्व पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, प्रतियोगिता में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के स्नातक एवम् स्नातकोत्तर स्तर के छात्र एवम् छात्राओं ने बढ़–चढकर हिस्सा लिया, साथ ही कार्यक्रम के दूसरे चरण में हिंदी भाषा पर छात्रों द्वारा तार्किक पक्ष–विपक्ष, निजी मत एवम स्वाभिव्यक्ति पर स्वतंत्र चर्चा आयोजित की गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में हिंदी भाषा की महत्ता बताते हुए अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किए, मा. कुलपति जी ने हिंदी भाषा को सामान्य जनमानस की प्रतिनिधि तथा प्रमुख संप्रेषण भाषा बताते हुए कहा कि वैज्ञानिकों की अन्वेषण प्रक्रिया जन स्वीकार्य करने पर ही पूर्णसफल होती है, और इसके लिए जन भाषा में शोध परिणामों की अभिव्यक्ति आवश्यक होती है, और ऐसी स्थिति में मातृ भाषा हिंदी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है, साथ ही राष्ट्र हित में शिक्षित वर्ग को सदैव इस प्रकार प्रयासरत रहना चाहिए कि प्रकाशित होने वाली विषय पुस्तक तथा शोध

पत्र अधिकाधिक संख्या में मातृ भाषा में प्रकाशित हो ताकि सामूहिक रूप से वैज्ञानिक विचारधारा का विकास संभव हो सके, कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. सोना दुबे, डॉ. प्रीति मिश्रा, श्री शिवमोहन सिंह, टीचिंग एसोसिएट शिवानी पाठक, प्रियंका गौतम, सहित महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित रहे, कार्यक्रम की रूप रेखा एन.एस. प्रभारी डॉ. सोना दुबे द्वारा तैयार की गई, तथा कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यातिथि कुलपति जी के सम्मान में कविता पाठ, मंच संचालन एवम् आभार व्यक्त प्रतीक कुमार तिवारी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर